जिंदगी की लहर

(शाश्वत प्रेम की एक कहानी)



प्रस्तावना

"प्रेम" - एक ऐसा शब्द जिसे दुनिया की हर भाषा में अलग तरीके से लिखा जाता है, लेकिन इसकी भाषा एक ही है, और वो है भावनाओं की भाषा। 'जिंदगी की लहर' सिर्फ एक कहानी नहीं है, बल्कि उन जज्बातों का एक सफर है, जिनसे हम सभी कभी न कभी गुजरते हैं।

जब मैंने इस कहानी को लिखना शुरू किया, तो मेरे जहन में बस एक ही ख्याल था कि क्या प्यार वाकई वक्त की हर कसौटी पर खरा उतर सकता है? क्या जिंदगी की लहरें हमें अपनों से दूर ले जाती हैं या फिर अंत में उसी किनारे पर वापस ले आती हैं जहाँ से सब शुरू हुआ था?

यह कहानी उन लोगों के लिए है जो आज भी 'शाश्वत प्रेम' में विश्वास रखते हैं। इस किताब के हर पन्ने में मैंने एक ऐसी दुनिया बुनने की कोशिश की है, जहाँ बारिश की बूंदें भी एक गीत गाती हैं और हवाओं में उड़ती तितलियाँ खुशियों का संदेश लाती हैं।

उम्मीद है कि 'जिंदगी की लहर' की यह प्रेम कहानी आपके दिल को छुएगी और आपको अपनी खुद की किसी पुरानी याद की लहर में ले जाएगी।

लेखिका,

वैशाली चव्हाण

जिंदगी उस संमंदर जैसे होती है जहा पर समंदर की एक लहर संमंदर के जल को उस संमंदर से एक समय के लिए बहुत दूर कर देती है और फिर से उस संमंदर के जल मे एसी घुल-मिल जाती है की मानो वो कभी अलग हुए ही नहीं | ठीक इस तरह इंसान का जीवन भी एसी ही चलता है | कभी अचानक से कोई इंसान मिल जाता है की वो इंसान इसके लिए ही बना हो और फिर एक दिन कुछ एसे हो जाता है की वो इंसान उससे बिछड़ जाता है बिल्कुल इस समन्दर की लहर की तरह और हम इंसान उस शकस का इंतजार जिंदगी भर करते है| शायद वो हमारे जिंदगी मे फिर से चला आए | और बस हम इसी उम्मीद मे जीते रहते है |

बिल्कुल इसी तरह यह कहानी शुरू होती है| एक छोटे से गाव मे यह गाव एक नदी के पास बसा हुआ है| शायद यह नदी किसी समंदर से होती हुई पहाड़ मे खेलती है| और अपने साथ एक नई खुशबू और ढेर सारी खुशिया बह कर लाती है| इस नदी के पास बहोत सारी गाव की लड़किया और औरते आती है कुछ जल के लिए तो कुछ कपड़े धोने के लिए| इन भीड़ मे एक छोटीसी बची भी है जिसको पाठशाला का बहुत डर लगता है| और वो अपने माँ के साथ यह अक्सर आती रहती है| वो अपनी माँ से कभी दूर नहीं रह पाती क्या पता उसे इस दुनिया से डर लगता हो अभी तक आप को पता चल गया होगा की यह कहानी इस छोटिसी बची की है| इस बची का नाम है 'ममता' वो बिल्कुल अपने नाम जैसी ही थी| बिल्कुल मासूम उसमे ममता का सागर था वो हर

किसी की मदत करती थी| ममता एक गरीब घर की सुंदर लड़की थी लेकिन उसको पता नहीं था की वो सुंदर भी है| वो पढ़ाई से बहुत चिड़ती थी और उससे छुटकारा पाने के लिए वो अपने माँ से कहती मे तुमारे साथ काम करूँगी लेकिन उसकी माँ चाहती थी की वो पढ़ाई करे उसे इस दुनिया की अछि तहह से समज हो एक दिन ममता ने कहा की अभी वो आगे पढ़ाई नहीं करना चाहती वो घर पर रहकर माँ की मदत करना चाहती है| अभी तक उसे पता नई नहीं था की वो कितनी बड़ी गलती कर रही है एक छोटीसी बची को क्या पता होगा की पढ़ाई ज़िंदगी को जीना आसान करती है | लेकिन उसकी माँ ने उसे समजाने की बहुत खोशिस की फिर भी वो नहीं मानी फिर उसने पाचवी कक्षा के बाद पाठशाला जाना ही बंद कर दिया वो दिन भर घर का काम करती और शाम मे अपने सहलिया के साथ नदी के किनारे जाकर खेलती और रात मे अपनी माँ के साथ दिनभर की बहुत बाते करती| अब ममता बड़ी हो रही थी| फिर अचानक से एक दिन ममता के घर उसका बडा भाई और भाभी शहर से आते है| उसका बड़ा भाई शहर मे अफसर था और वह शहर मे उसकी बीवी से साथ रहता | ममता के घर मे वो और उसकी माँ दोनों ही रहते क्युकी ममता के पिताजी जब वो बहुत छोंटी थी तभी उनका स्वर्गवास हो गया था| वो उन दोनों को देख कर चोंकी उसे यकीन नहीं था की उसका बड़ा भैया कभी उनको मिलने के लिए गाव् भी आएगा| क्युकी उसका भाई बहुत समय से घर पर नहीं आया था| पिछली समय जब वो आया था तो ममता छोटीसी थी| खैर जब उसका भाई और भाभी आए तो ममता अकेली ही थी घर पर कुछ खोज रही थी शायद उसकी बचपन की गुड़िया ममता उस गुड़िया से बहुत ही प्यार करती थी शायद उसके पास वही

एक ही खिलौना हो ममता की नजर दरवाजे के पास गई उसने देखा की उसका बड़ा भाई आया है और साथ मे एक औरत भी है| ममता उस औरत को नहीं पहचान सकी वो उस औरत को पहली बार देख रही थी| तो वो तुरंत घर के आगन मे आई और कहने लगी भैया अंदर आवो फिर उसका बड़ा भाई सुधीर और वो औरत जो ममता नहीं पहचान पाइ वो दोनों घर के अंदर आए उस वक्त घर कुछ बिखरा हुआ था ममता ने जल्दी से घर ठीक किया और सुधीर और उस औरत को बैठने की जगह दी और फिर ममता ने रसोईघर मे जाकर पानी लाया और उन दोनों को दिया फिर सुदिर ने पानी पीते हुए बोला ममता माँ कहा है? ममता बोली माँ बाजार गई हुई है आती ही होगी इस वक्त तभी ममता ने पूछा भैया आप के साथ ये दीदी कोण है? सुदिर ने खासते हुए कहा माँ को आने दो फिर बताता हु और ममता ने अपना सर हिलाके जवाब दिया ठीक है | फिर घर अचानक से शांत हो गया ममता चुपके से उस औरत को देखती और फिर सुदिर को शायद उसने सोच लिया था की ये औरत उसकी भाभी है| और उतने मे माँ बाजार से लोटी और जब माँ ने घर के बाहर जूते और चपल देखि तो माँ ने बाहर से ही ममता को इशारेसे पूछा की कोण आया है| उतने मे ममता बोली माँ देखो तो सुदिर भैया शहर से आए है| यह सुन कर माँ के हाथ से बाजार की बॅग खुशी के मारे गिर गई और वो दोड़कर घर मे आई और जैसे ही सुदिर को देखा तो उनके आखों मे आसू आ गए और फिर उनोने सुदिर को झट से अपने गले लगा लिया| माँ इतनी खुश थी की उसकी नजर सुदिर से हट ही नहीं पाइ थोड़ी देर बाद सुदिर ने माँ को अपने पास बिठाया उतने मे ममता ने माँ को पानी लाकर दिया फिर माँ अपने आसू पूछते

हुई पानी पीने लगी| सुदिर ने माँ को देखा तो उसे इस बात का एहसास होने लगा की अब उसकी माँ बुड़ी होने लागि थी उनके बाल सफेद होने लगे थे और उनकी आवाज मे एक थकान सी थी| सुदिर माँ और ममता से बाते करने लगा | सुदिर ने बताया की वो अब जहा काम करता था वह पर उसका प्रमोशन हो गया है और उसने शादी भी करली है | सुदिर उसके साथ बैठने वाली लड़की की और इशाराकर कर कह रहा था| की माँ ये तुमारी बहु है इसका नाम शीतल है फिर शीतल ने माँ के पैर छूए | माँ ने हल्कीसी मुस्कान करते हुए शीतल को आशीर्वाद दिया| माँ ने सुदिर को कुछ भी शिकायत नहीं की लेकिन उनके मुस्कान मे वो शिकायत सुदिर को दिखी | ममता ये सब सुनकर बहुत खुश थी | की अभी उसके पास उसकी सहलियों की तरह माँ के सिवा अपने लोग भी है | बचपन से ममता और माँ दोनों ही इस घर मे रहते पर अब इनके अलावा घर मे और दो लोग भी रहने लगे | ममता को ये सब बाते अपनी सहीलियोको बतानी थी | पर उनके घर मे ये लोग आने की वजह से ममता आज सहलियों के साथ घर के बाहर नहीं निकाल पाइ | खैर ममता ने सोचा कल बता दूँगी | अब रात हो रही थी अंधेरा इस तरह पहल रहा था जैसे ठंडी के मॉसम मे ठंड, रात की चादनी टीम टीम कर रही थी और चाँद के किरणों मे आज कुछ नया था | रात का खाना सब ने साथ मिलकर खाया | आज सुदिर बहुत खुश था अपनी माँ और बहन को देख कर उसने आज रोज से कुछ जादा ही खाना खाया था | फिर रात मे खाना खाने के बाद ममता और माँ शीतल से बाते करने लगी | उनको पता चला की जहा पर सुदिर रहता था ठीक उसके सामने वाले मकान मे शीतल रहती थी | शीतल एक अछि घर की लड़की थी | वो हर रोज सुदिर

को खाना खाने के लिए अपने घर बुलाती क्यू की शीतल की माँ और बाबूजी के यह एक छोटासा होटल था | अब शीतल एक अनाथ लड़कीg थी उसके माँ-बाप हाली मे किसी दुर्घटना मे चल बसे थे | फिर सुदिर ने कहा माँ शादी बहुत जल्दबाजी मे हो गई | फिर माँ को ये बाते सुनकर शीतल के बारे मे बहुत बुरा लगा | और माँ ने शीतल को गले लगा लिया| और फिर माँ ने सुदिर से कहा इसे कभी रुलाना मत यह सुनकर शीतल के आखों मे आसू आ गए | अब माँ नाराज नहीं थी यह बाते करते-करते बहुत रात हो गई थी| अब सब सो गए अगली सुबह ममता शीतल को अपनी सहलियों से मिलवाने ले गई | शीतल ममता से बस कुछ चार-पाच साल बड़ी होगी | शीतल और ममता मे अछि दोस्ती हो गई थी | ममता शीतल को कभी सहलियों के पास ले जाती तो कभी नदी के पास एसे ही कुछ दिन गुजर गए अब वक्त आ गया था की सुदिर और शीतल शहर वापस जाए | फिर एक दिन सुदिर और शीतल शहर मे चले गए | फिर से ममता अकेल पड गई | घर शांत हो गया था अब ममता उदास हो गई थी | फिर शीतल और सुदिर के जाने के कुछ दिन बाद ममता के घर पर खत आया अब ममता के घर पहली बार किसी ने खत भिजवाया था | ममता खत देखकर बहुत खुश हुई | और ममता उस खत को लेकर सारे घर मे झूमने लगी फिर माँ ने ममता से कहा अरे ओ पगली सिर्फ खत देखकर ही खुश होगी या उसे पढेगी भी | ये तो बता की ये किसने भेजा है | फिर ममता ने अपनी माँ से कहा यह खत शहर से आए है | सुदिर भईया ने भेजा है | फिर माँ ने कहा क्या लिखा है सुदिर क्या वो ठीक से शहर मे पहुच गया? फिर ममता उस खत को पढने लगी सुदिर ने माँ को प्रणाम किया उसने लिखा की माँ मे शहर पहुच गया

यह पर मेने एक मकान खरीद लिया है | और अब वो उस नए मकान मे रहने के लिए बहुत जल्दी चला जाएगा| शीतल भी अछि है उसे तुम दोनो की बहुत याद आती है | और उसने नया मकान का पत्ता भी लिखा था | पत्र के साथ कुछ पैसे भी बीजवाये थे | माँ यह सब बाते सुनकर बहुत खुश हो गई थी | की अब सुदिर और शीतल अछि ज़िंदगी जियेंगे माँ ने ममता से कहा अगर तुम भी अछि तरह से पढ़ती तो तुमे सुदिर के पास भेज देती तुम वहा कुछ अच्छा जीवन जी लेती लेकिन तुम्हें तो पढ़ना-लिखना तो है नहीं | अगर तुम पढ़ना चाहती हो तो मे सुदिर से बात करके तुम्हें शहर के पाठशाला मे दाखिला दे देती हु तुम भी अपने भाई और भाभी के साथ शहर मे रहो | माँ की यह बात सुनकर ममता को बहुत गुस्सा आया और वो कहने लगि माँ मुझे आगे नहीं पढ़ना मे आपसे कितनी दफा कहु आप ये पढ़ने की जिद छोड़ क्यू नहीं देती | मे आपको छोड़कर कभी कही नहीं जाना चाहती मे हमेशा आपके पास ही रहूँगी | मेरा आपके सिवा कही मन नहीं लगता ये हमारा इतना प्यार गाव छोड़कर भला कोण उस शहर मे जाके रहेगा तुम ही बताओ यह गाव जैसा सुकून उस शहर के उची-उची बिल्डिंग मे है? माँ ने कहा तुम्हें कैसे पता चला की शहर कैसा है? हम तो कभी गाव से बाहर तो गए नहीं? अरे माँ मेरी जो छाया नाम की सहली हेना वो एक दफा शहर मे अपने चाचा के पास गई थी उसने मुझे बताया की शहर कैसा होता है खैर अब मे बाहर मेरी सहली से मिलने जा रही हु आते-आते शाम हो जाएगी फिर ममता चली गई | अब माँ घर मे एकेली थी | वो सोच ने लागि की मेरी बेटी मुझसे कितना प्यार करती है वो कभी मेरे सिवा कही नहीं रहती और फिर मेरे यह बढती उम्र जब मे इस दुनिया मे नहीं रहूँगी

तो मेरे ममता का क्या होगा वो किसीके सहारे जियागी सुदिर क्या उसे अपने साथ उसे शहर ले जाएगा | शीतल क्या उसे मेरा जेसा प्यार कर पायेगी या नहीं | माँ यह सोचकर परीशान होने लागि उन्हे ममता की चिंता होने लागि फिर उनके दिमाख मे एक खयाल आया की वो ममता की शादी कर दे लेकिन अभी ममता की शादी को वक्त था | अब शाम के पाच बज रहे थे माँ ममता का ही इंतजार कर रही थी उतने मे ममता चुपके से घर पर आई बिना शोर मचाया उसने पीछे से आकार माँ की आखों पर अपना हाथ थमा दिया और पूछने लगी बताओ कोण है माँ ने बड़ी प्यार से कहा मेरी ममता के सिवा और कोण होगा यह कहकर माँ ने ममता को अपनी पास खिचकर उसे गले लगा लिया | ममता ने देखा की माँ के आखों मे आसू थे फिर ममता ने पूछा माँ आप क्यू रो रही हो क्या मुझसे कुछ गलती हो गई है माँ कुछ नहीं बोली ममता के लाख पूछने के बाद माँ ने अपने हाथ ममता के सर परसे प्यार से घुमाया और कहा क्या तुम सचमे मुझे छोड़कर कही नहीं जावोगी फिर ममता ने कहा यह भी कुछ पूछने की बात है क्या? माँ आपसे एक बात कहू आप डाटेगी तो नहीं उसने माँ से प्रामिस लेलिया और कहने लगी माँ आप को पता हे की मे स्कूल क्यू नहीं जाती इसकी यही वजह है की अगर मे स्कूल गई तो आप मुझे सुदिर भैया की तरह शहर मे जाने के लिए कहोगी और मे आपको छोड़कर कही नहीं जाना चाहती ये बात सुनकर माँ चोक गई की और सोच मे पड़ गई की सचमे मेरी ममता मुझको कितना चाहती है और मे बावली अब तक सोच रही थी की उसे पड़ने का डर लगता है लेकिन मे कितनी गलत थी | फिर माँ ने ममता से कहा अरे वो पगली तुम थोडीना मेरे पास जिंदगी भर के लिए रहोगी एकना एक दिन

तो तुमारी शादी होगी और तुम अपने ससुराल चली जावोगी यह बात सुनकर ममता रोने लगी और रोते-रोते कहने लगी की माँ मे जिंदगी मे कभी शादी नहीं करूंगी आप को छोड़कर मे कभी कही नहीं जाने वाली माँ ने ममता को समजानेकी बहुत कोशिश की लेकिन ममता ने माँ की एक बात नहीं सुनी और वो बिना खाना खाये आज सो गई थी | फिर माँ ने सुबह ममता के पसंद का खाना बनाया और ममता को कहा ठीक है | अब गुस्सा मत कर जल्दी से खाना खाले ले फिर ममता ने और माँ ने साथ मिलकर हस्ते हुए खाना खाया एसे ही हस्ते-खेलते दिन गुजर रहे थे | सुदिर का खत भी महीनों मे एक बार आ जाता था और ममता भी सुदिर के खत का जवाब भेजती थी | एसे ही कुछ साल गुजर गए अब ममता की शादी की उम्र हो रही थी | और अचानक से माँ भी बीमार हो गई थी एक रात तो माँ को बहुत बुखार आया था उनका पूरा बदन तड़प रहा था और वो खासी से भी परीशान थी | माँ ने ममता से कहा तुम सुदिर को जल्द से जल्द खत लीखो और उसको गाव बुलवाओ फिर ममता ने माँ के कहने पर सुदिर को खत लिखा कुछ दिन बात सुदिर ने ममता के खत का जवाब गाव भेजा उसमे लिखा था की माँ यह मे थोड़ा सा व्यस्त हु जैसे ही मुझे समय मिले तो मे अगली महने की दस तारीख को शीतल को लेके गाव आउगा और सुदिर ने साथ मे कुछ पैसे भी भेजे थे और लिखा था ममता माँ का अछि तरह से खयाल रखना मे जल्द ही गाव आ रहा हु | जैसे ही ममता ने यह खत पढा तो माँ खामोश हो गई उसकी खामोशी मे साफ-साफ दिख रहा था की वो सुदिर के इस जवाब से बहुत नाराज थी लेकिन उसने ममता से कुछ नहीं कहा | धीरे- धीरे माँ ने सुदिर का इंतजार करना छोड़ दिया था | शायद

अब उनकी उमीद खतम होने लगी थी | माँ अब बिस्तर मे ही रहती उनको अब चलना भी बडा तकलीफसा लगता | एक दिन अचानक से माँ की तबीयत इतनी खराब हो गई थी | की अब वो ठीक से ममता से बोल भी नहीं पाती माँ ने आज तो कुछ खाया भी नहीं था | बस अपने बिस्तर मे पड़ी रहती और वहासे बाहर की और देखती शायद ओ सुदिर का इंतजार कर रही हो माँ आखरी बार सुदिर को देखना चाहती थी उसे कहना चाहती थी की अब तू ही मेरी ममता का ख्याल रख लेकिन सुदिर के आनेसे पहलेही अचानक माँ ने अपनी आखे बंद कर दी ममता बहुत डर गई थी ममता ने जोर-जोर से माँ कहके पुकारा लेकिन माँ ने अपनी आखे नहीं खोली,नहीं कुछ हलचल की भगवान भी हम इंसान के साथ कैसा बर्ताव करता है एक माँ को आखरी बार अपने बेटे को देखने भी नहीं दिया | ये सब देख कर ममता बहुत जोर-जोर से रोने और चिलाने लगी | ममता की आवाज सुनकर गाव वाले सभी ममता के घर और आगन मे आए देखते ही देखते अब ममता का घर भीड़ से भरा हुआ था | फिर थोड़ी देर बाद गाव के वैद आए और फीर वैद जी ने ममता की माँ को देखा और गाव के लोगों से कहा की यह अब इस दुनिया से चली गई है | वैद जी की यह बात सुनकर सभी को बहुत बुरा लगा अब सबको ममता की फिक्र होने लगी थी | अब गाव वालों ने एक आदमी को शहर भेज कर सुदिर और उसकी बीवी शीतल को गाव बुलवाया था | अभी तक ममता को इस बात का कुछ पता नहीं था | फिर थोड़ी देर बाद गाव की कुछ औरतों ने ममता से कहा की तुमरी माँ अब इस दुनिया मे नहीं रही यह बात सुनकर ममता जमीन पर गिर पड़ी और जोर से चिलाने लगी वो इतनी दुखी हो गई थी की उसको कुछ समज ही नहीं आरहा था | यहा

पर गाव के सभी लोग थे फिर भी ममता अकेला महसूस कर रही थी इस समय उसका अपना यहा कोई नहीं था छाया भी अपने चाचा के घर शहर गई हुई थी |फिर थोड़ी देर बात ममता का भैया सुदिर और शीतल भाभी आगये और ममता ने जैसे ही अपने भाई को आते हुए देखा तो वो झट से अपने भाई के गले लग गई और रोने लगी | इस तरह से कुछ दिन बित् गए सुदिर और शीतल करीब एक महने तक गाव मे ही रहे फिर सुदिर ने फेसला किया की वो ममता को अपने साथ शहर लेके जाएगा | फिर सुदिर ने एक दिन ममता से बात करनी चाही लेकिन अब ममता किसी से जादा बात नहीं करती अक्सर ओ अपनी माँ की साड़ी हाथ मे लेकर रोती रहती सबने उसे समजाने की बहुत कोशिश की लेकिन ममता यह सब पीछे छोड़कर आगे नहीं बढ़ना चाहती थी | फिर सुदिर ने बहुत हिम्मत जुटाके ममता से बात की लेकिन अभी भी सुदिर ममता के आखों मे नहीं देख पाता शायद सुदिर यह सोचता की मै किस मुह से ममता को कहु की मेरे साथ शहर चले क्युकी सुदिर सही वक्त पर घर पर नहीं पोहचा था जिस वक्त ममता को सुदिर की सबसे जादा जरूरत थी तब वो ममता से कही दूर था ममता को संभालने वाला उसका अपना कोई नहीं था | वो बिल्कुल अकेली महसूस कर रही थी | फिर जैसे तैसे दुपहर को खाने के समय सुदिर शीतल की और देखता फिर ममता की और फिर थोड़ी देर बात शीतल ने बात करनी शुरू की और सुदिर को थोड़ी हिम्मत मिली | अब सुदिर ममता की और देखकर बड़ी प्यार से बोल रहा था की ममता कल हम सब शहर जाने वाले है तुम अपना सामान बांध लेना | ममता ने पहलेही अपने माँ को खो दिया था | अब वो अपना घर और यह गाव छोड़कर कही नहीं जाना चाहती थी | इसके

बावजूद भी ममता ने अपने भाई से कुछ नहीं कहा | सिर्फ अपना सर हिलाकर जवाब दिया की वो शहर जाने के लिया राजी है | ममता के आखों मे पानी था लेकिन उसने अपने आखों से एक बूँद भी नीचे गिरने नहीं दी | थोड़ी देर बात ममता वहा से उठकर बाहर आगन मे चली गई | आज ममता का आखरी दिन था इस गाव मे उसे लग रहा था की एक बार वो यहा से चली गई तो कभी भी वापस नहीं आएगी | ममता अपनी सहलियों से आज आखरी बार मिलने वाली थी | और आज ही छाया शहर से गाव आई थी गाव मे आते ही छाया को पता चला की ममता की माँ अब इस दुनिया मे नहीं रही यह बात सुनकर छाया ममता के घर की और दोड़ पड़ी | ममताने अपने सबसे करीबी दोस्त छाया को देखा और उसे अपने गले लगा लिया दोनों बहुत रोई फिर छाया ने ममता को सहारा देते हुई कहा मे हुन ममता तेरे साथ तू चिंता मत कर सब ठीक हो जाएगा | लेकिन छाया को पता नहीं था की ममता कल हमेशा के लिए शहर जाने वाली थी | फिर छाया और ममता नदी के पास गई | काफी समय यह बित गया पता ही नहीं चला अब सूरज भी कही पहाड़ मे सोने जा रहा था शाम हो रही थी वह जग इतनी खामोश थी की नदी के पानी की आवाज ममता और छाया की कानों मे गुजर रही थी आकाश मे पंछी उड़ रहे थे और ममता उस नदी की और मुहकर बैठी थी और उसके नजदीक ही छाया भी बैठी हुई थी छाया ने ममता से बात करने की कोशिश की लेकिन ममता बहुत चुप थी और किसी खयाल मे खोई हुई थी | ममता सोच रही है की मेरी ज़िंदगी भी कैसे है मे पहले कितना खुश थी अपने माँ के साथ माँ ने एसा मेरे साथ क्यू किया | उनको तो पता था ना की मे उनके सिवा नहीं रहती ओ मुझे अकेले छोड़कर क्यू

गई जाना था तो मुझे भी अपने साथ लेकर जाती | ममता अपने आप को उस नदी के पानी मे देख रही थी अब तो उसे एसा लग रहा था की ये वो ममता है ही नहीं कोई और है जो उसे इस नीले पानी मे दिखाई दे रही है | छाया ने बहुत प्रयास किया ममता को हसाने का लेकिन ममता चाहते हुई भी हस या बोल नहीं पाई | ममता छाया को सब बताती थी उससे कुछ नहीं छुपाती | जब ममता ने छाया को बताया की वो कल अपने भाई और भाभी के साथ हमेशा के लिए शहर जाने वाली है यह सुनकर छाया को बहुत दर्द हुआ उसने ममता को गले लगा लिया और फिर रोने लगी | लेकिन छाया ने उसे यही रहने की गुजारिश नहीं की शायद छाया जानती है की ममता को शहर जाना जरूरी है | फिर छाया और ममता कुछ देर बाते करने लगी | अब बहुत देर हो गई तो छाया ने ममता से कहा हमे चलना चाहिए ममता और छाया एक दूसरे का हाथ पकड़कर चलने लगी चलते-चलते वो अब घर पहुच गई थी | छाया ने ममता से कहा कल मुझे मिले बगर नहीं जाना हम कल फिरसे मिलेंगे | यह कहकर छाया अपने घर चली गई | अब रात हो चुकी थी सुदिर ने ममता को सोते समय कहा ममता तुम अभी अपना सामान पैक कर लो हम सुबह जल्दी चले जाएंगे मुझे शहर जाके कल ही काम पर भी जाना है | फिर ममता ने अपने कपड़े लिए कुछ जरूरी समान और इसके साथ उसके माँ की एक प्यारी सी साड़ी और उसकी सबसे करीब रहने वाली गुड्डीया ली थी | ममता सोने चली गई ममता उसी बिस्तर पर सोई जहा उसकी माँ सोती थी ममता अब भी रो रही थी | उसके आसू रुख ही नहीं रहे थे | ममता रोते-रोते ही सो गई | अगली सुबह ममता बहुत नाराज थी यह घर छोड़कर वो कही और अपनी दुनिया नहीं बसाना चाहती

थी लेकिन क्या करे ममता के ज़िंदगी मे यह दिन भी आगया जिसे कभी उसने अपने खाबोमे भी नहीं देखा था | उसने आखरी बार पूरे घर को एसा देखा की वो पूरे इस घर की हर एक यादे अपने आखों मे बसा ली हो | अब ममता अपने भाई और भाभी के साथ चलने के लिए तयार हो गई थी और इसे समय छाया आगई | ममता छाया को देखर रोने लगी छाया ने ममता को गले लगा लिया | और बोली ममता शहर जाओगी तो हमे खत जरूर भेजना और हस्ते हुए कहा हमे भूल मत जाना सुदिर ने ममता का बॅग अपने हाथ मे लिया और इस तरह ममता ना चाहते हुए अपनी पसंदीती ज़िंदगी छोड़कर कही अनजान शहर चली गई | ममता इस शहर की भीड़-भाड़ देखकर और भी बैचन होने लगी थी यहा के लोग उसे अनजान थे | ममता अब शहर के उन मकान मे रहती जहा पर उसका मन बिल्कुल भी नहीं लगता था | अब जैसे-जैसे वक्त गुजर रहा था वैसे ही ममता अब ठीक होने लगी उसने अपनी ज़िंदगी यहा सवार ली | अब ममता अपना समय कुछ घर का काम करने मे लगाती तो कुछ समय वो बाग मे जाकर वहा पर गुजारती | ममता छाया हो खत भी भेजती थी | अब ममता को शहर मे दो साल हो गए थे | अब उसे शहर की भीड़-भाड़ मे जादा घुटन महसूस नहीं होती थी | लेकिन इतने समय हो गये फीर भी ममता अपने माँ को नहीं भुला पाई जब भी माँ की याद आई तो वो अपने माँ की साड़ी ओढ़कर सो जाती थी | और ममता की इस शहर मे कोई दोस्त नहीं थी इसलिए वो अपनी गुड़िया से आज दिन मे क्या हुआ उसने आज क्या किया सब बताती | जैसे ओ अपनी माँ को बताती थी | अब ममता वाकई मे शादी लायक थी | एक दिन ममता के भाभी ने सुदिर से कहा की ममता की शादी की उम्र हो रही है| एक अच्छासा

लड़का देखकर ममता की शादी करवादों | उसकी ज़िंदगी भी सवर जाएगी | सुदिर ने कहा मे ममता को एक अच्छे से खान-दान मे देना चाहता हु जो मेरी ममता को खुश रख सके | कुछ दिन बाद शीतल के दुरके चचेरी बहन की शादी थी | और इस शादी मे सुदिर और शीतल जाने वाले थे लेकिन वो ममता को घर मे अकेले नहीं छोड़सकते थे तो शीतल ने ममता को कहा तुम भी हमारे साथ चलो ममता ने तुरंत नहीं बोल दिया फिर सुदिर ने ममता से कहा हमे दो दिन लग जाएंगे और तुम अकेली यहा रहकर क्या ही करोगी इस से अच्छा तुम हमारे साथ चलो | अब ममता को ना चाहते हुए भी शादी मे जाना पड़ा | जिस दिन शादी थी उसके अगली रात को ममता अपने भाई और भाभी के साथ निकाल गई | शादी के दिन ममता को पता चला की उसका समान ट्रेन मे ही रह गया था | अब उसको न चाहते हुए भी अपनी भाभी की साड़ी पहनी पड़ी | फिर ममता ने शादी के दिन अपनी भाभी की लाल रंग की साड़ी पहनी हुई थी| उस साड़ी मे ममता का निखार और भी खूबसूरत लग रहा था | हालकी ममता को जादा सजनासवर्ण पसंद नहीं था | वो सिर्फ बिंदी और काजल लगाती थी | ममता का रंग गोरा था और उसके बाल घने और उसके कमर तक थे| वो दुबली सी थी आज पहली बार उसने साड़ी पहनी थी आज वो दुनिया की सबसे खूबसूरत लड़की लग रही थी | उसके आगे दुल्हन भी फीकी लग रही थी | ममता जितनी बाहर से अछि थी उतनी ही अंदर से पवित्र थी उसे किसी की कुछ शिकायत नहीं थी | फिर भाभी ने ममता को अपने रिश्तेदारों से मिलवाया ममता बड़ी प्यार से सबसे बाते करने लगी | उन रिश्तेदार को ममता बहुत पसंद आइ थी | फिर उन रिश्तेदार ने थोड़े समय के बाद सुदिर से अपने बेटे

राकेश की लिए शादी की बात की राकेश की माँ ने पूछा की आप अपनी बहन की शादी इस साल करना चाहते है | हमारा लड़का राकेश अच्छा पड़ा-लिखा है | और वो शहर मे अछि जगह नोकरी कर रहा है | उसे तनखा भी अछि मिलती है | सुदिर यह सुनकर खुश हुआ उसने पूछा की लड़का यहा पर मोजूद है | राकेश की माँ ने राकेश को बुलाया और सुदिर से मिलवाया फिर थोड़ी देर तक सुदिर ने राकेश से बात की सुदिर को राकेश अच्छा लगा और उसने कहा मे आप को सोचकर बताता हु | थोड़ी देर बात राकेश की माँ ने राकेश को दूर से ममता की और देखकर कहा यह लड़की हमने तुमारे लिए पसंद की है | क्या तुम इससे शादी करोगे | राकेश बस ममता को ही देखता रहा उसने कुछ जवाब नहीं दिया बस एक हल्कीसी मुस्कान दे दी | शायद राकेश ममता को जानता था | फिर राकेश को याद आया यह वही लड़की है जिसको राकेश ने बाग मे देखा था | जिस शहर मे ममता रहती उसी शहर मे राकेश जॉब करता था | अभी तक ममता को ये सब बाते पता नहीं थी | और उसने राकेश को देखा भी नहीं था | फिर शादी होने के बात ममता अपने भाभी-भाई के साथ शहर मे चली गई | घर जाते ही ममता के नाम का खत गाव से आया हुआ था | ममता वो खत देखकर बहुत खुश हुई यह खत गाव से ममता की सहली छाया का था | खत मे लिखा था की छाया जल्द ही शहर आने वाली है अपने चाचा के पास कुछ दिन के लिए यह बात सुनकर ममता नाचने लगी और भाभी को बोली मेरी सबसे प्यारी सहली यह आने वाली है अब हम बहुत मजे करंगे साथ मे घूमेंगे बाग मे जाकर वक्त साथ मे बिताएगे गाव की ढेर सारी बाते करेंगे | उसी रात जब ममता अपने कमरे मे गई हुई थी तब सुदिर ने शीतल से ममता की शादी

वाली बात की यह सुनकर शीतल भी खुश थी | शीतल ने कहा यह बहुत अच्छा रिश्ता है | आप ममता की शादी यहा करा दो फिर ममता इसे शहर मे रहेगी हमारे नजदीग | फिर अगली दिन दुपहर को सुदिर और शीतल ने ममता से शादी की बात की इस बार ममताने तुरंत कहा की भैया मुझे कुछ समय चाहिए सोचने के लिए | सुदिर ने ममता से कहा ठीक है तुम अछि तरह से सोचलेना और फिर बतादेना यह बोलकर सुदिर घर से बाहर चला गया | अब घर का सब काम होने के बात शीतल ममता के कमरे मे आई | ममता उस वक्त छाया को खत लिख रही थी | शीतल ने ममता से थोड़ी देर इधर-उधर की बाते करना शुरू की थी | ममता बहुत हुशयार लड़की थी उसे तुरंत पता चल गया था की शीतल उससे शादी की बात करने आई है | लेकिन ममता ने शीतल से कुछ नहीं कहा वह शीतल से अछि तरह बाते कर रही थी | फिर शीतल बोली की जो तुमारे लिए रिश्ता आया है वो बहुत अछे लोग है जहा पर तुम बहुत खुश रहोगी और तूमारा होनावाला पती तो इसे शहर मे नोकरी करता है और फिर तुम शादी के बाद थोडीना अपने सास-ससुर के पास गाव मे रहोगी तुम तो यह इसी शरह मे रहोगी हमारे नजदीक और राकेश भी बहुत समजदार लड़का है वो तुम्हें हमेशा खुश रखेगा और एकना एक दिन तुम्हें शादी तो करनी है ही ना तुम थोडीना हमेशा के लिए एसी अकेली रहोगी जिंदगी जीने के लिए हमे किसी अपने का सहारा चाहिए होता है | जिससे हम अपनी हर बाते कर सके जो हमे अकेल महसूँस न होने दे ममता मुझे तुम पर पूरा भरोसा है तुम हमे नाराज नहीं करोगी यह कह कर शीतल वहा से चली गई | अब ममता ने छाया को खत भेज दिया | फिर अगले ही हफ्ते ममता की दोस्त छाया शहर आई | आज

ममता ने अपने बाल धुये थे और वो आगन मे खुरची लगाकर सूरज की और पीठ करके कुछ अकबार मे देख रही थी ठीक उसी वक्त छाया पीछे से आकार ममता के आखों पर अपने हाथ रखकर पूछने लगी बताओ कोण है | ममता ने छाया की आवाज से उसे पहचान लिया और झटसे खड़ी होकर शीतल को गले लगा लिया | जब दो पुरानी सहलिया बहुत बरसों के बाद मिलती है तो उन्हे एसा लगता है की न जाने कोई खोई हुई चीज उन्हे मिल गई हो जिसे वो बहुत दिनों से खोज रही हो | ममता ने अपनी दोस्त को अपने भाभी से मिलवाया भाभी भी शीतल को देखकर खुश हुई | शीतल और छाया पहलेसेही एक-दूसरे को पहचानती थी | उन्हे ममता पहले ही गाव मे मिलवाया था | भाभी ने ममता और छाया को चाय दी | और हस्ते हुई कहा अब तो आप दोनों की बाते बहुत लंबी चलेगी इतनी दिनों बात जो मिली हो | फिर छाया ने हस्ते हुए कहा भाभी दिनों बात नहीं सालों बात कहो | फिर भाभी वहासे चली गई | छाया और ममता बहुत घंटे तक बाते करती रही फिर शाम पाच बजे छाया अपने चाचा के घर चली गई | ममता और छाया के बीच मे तय हुआ की वो दोनों कल बाग मे मिलेंगे | अगली दिन छाया और ममता उसी बाग मे गए जहा पर ममता हमेशा जाती थी | उस बाग मे बहुत हरे-भरे पेड़ थे और अलग-अलग पंछी भी वह पर थे एक सुकून था वह पर उसी जगह राकेश ने पहली बार ममता को देखा था | ममता ने छाया को बाग घुमाया अब छाया थक गई थी उसने कहा ममता क्या हम इस जगह थोड़ी देर बैठ जाए | ममता ने हस्ते हुए कहा छाया तुम क्या बूढ़ी हो गई हो जो तुमरे पैर दर्द कर रहे है | फिर वो दोनों एक घने पेड़ के नीचे बैठ गई उसी वक्त गोले वाले की आवाज छाया के कान पर पड़ी जैसे ही

गोला लेलों एसी आवाज आई तो छाया ने ममता की और देखा अब ममता समाज गई थी की छाया को गोला खाना है | और हर किसी का मन होना की धूप मे घने पेड़ के नीचे सुकून से बैठकर गोला खाये तो फिर ममता ने दो गोले खरीद लिए एक अपने लिया और दूसरा छाया के लिए अब दोनों गोले खा रहे थे तब छाया ने देखा की ममता के पास लाल रंग का गोला है उसे देखकर छाया ने ममता से कहा तुम्हें लाल रंग पसंद है | ममताने हस्ते हुई कहा हा मुझे लाल रंग अच्छा लगता है यह बात सुनकर छाया ने बोला तुम्हें पता है लाल रंग तो प्यार का होता है ममता बोली एसा कुछ नहीं होता तुम चुपचाप अपना गोला खावोना मुझे इस तरह परिशान मत करो | फिर दोनों ने बड़े मजेसे अपना-अपना बर्फ का गोला खतम किया छाया ने ममता से कहा ममता मेरी अगले महीने शादी होने वाली है यह बात सुनकर ममता चोक गई और बोली पगली मुझे अब बता रही है | छाया ने कहा अरे मे तुम्हें यह बताने के लिए ही चाचा के पास इस शहर मे आई हु फिर क्या पता शादी होने के बात मे कभी तुमसे मिलूँगी या नहीं | ममता बोली चल ठीक है अब ये तो बतादे की हमारे जीजाजी क्या करते है और कहा रहते है केसे दिखते है क्या तुम कभी उनसे मिली की नहीं और कब है तुमरी शादी ममता के सवाल खत्म नहीं हो रहे थे | फिर छाया ने ममता से कहा अरे ओ पगली बस कर कितने सवाल पूछेगी जरा सास तो ले | छाया ने शरमाते हुई कहा वो इलहाबाद मे रहते है | स्कूल के मास्टर है हमने सिर्फ तस्वीर मे ही देखा है अछे है और शादी यही पर होगी अगले महीने दो तारीख को तुम्हें जरूर आना है | तुम हमारी एकलोती दोस्त हो इसलिए सबसे पहले हमने तुमसे ही कहा और जब तक शादी नहीं हो जाती हम इसे शहर मे

रहेंगे और हर रोज मिलेंगे अब तुम बताओ तुम कब कर रही हो शादी ? फिर ममता ने कहा क्या पता वैसे तो सुदिर भैया बोल रहे थे की हमारे लिए एक बहुत अच्छा रिश्ता आया है | लड़का इसी शहर मे नौकरी करता है | लेकिन हमने उनसे कुछ वक्त मांगा है फिर छाया ने कहा जादा सोचो मत अगर लड़का वाकई मे अच्छा है तो हा कर दो | तुम तो कितनी नसीब वाली हो जो शादी के बाद भी इसे शहर मे रहोगी अपने भईया और भाभी के नजदीक जब भी उनकी याद आएगी तो तुरंत चली आओगी | हमे देखो हम तो शादी के बात बहुत दूर चले जाएंगे ममता क्या तुमने अपने होने वाले पती को देखा है की नहीं ? ममता ने कहा अभी तक तो नहीं और फिर वो दोनों अपने घर चले गई | ममता अब सोच मे पड़ गई उसे कुछ समाज नहीं आ रहा था | फीर ममता ने रात भर इस बारे मे बहुत सोचा और अगली सुबह ममता ने शीतल से कहा की भाभी मे तैयार हु इस शादी के लिए आप भैया से कह देना ममता की यह बात सुनकर शीतल बहुत खुश हो गई और उसने ममता के माथे को चुम्ब लिया | शीतल ने सुदिर से बात करनी चाही लेकिन सुदिर आज बहुत व्यस्त था और वो सुबह जल्दी काम पर चल गया था | फिर शीतल ने रात को राकेश से बात की ममता अब शादी के लिए तयार है तुम लड़कों वालों से बात कर लेना | कुछ दिनों के बाद सुदिर ने ममता की सास से बात की फिर उन्होंने तय किया की इनकी शादी दो महीने के बात कर लेंगे | अभी इस महीने मे सगाई कर लेते है सब कुछ तय हो गया था | अगले ही हफ्ते सगाई थी घर अबसे ही सज रहा था जैसे मानो कुछ बड़ा त्योहार हो सुदिर चाहता था की वो ममता की शादी बड़े धूम-धाम से करवाए क्युकी ममता उसकी एकलोती और घर की छोटी बेटी थी |

